Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a training centre of para-military force in Madhogarh Tehsil of Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के कई युवा देश की सेवा के लिए सेना में भर्ती होने के लिए जाते हैं, जो एन.डी.ए. और सीधी भर्ती के माध्यम से देश के विभिन्न रक्षा बलों में कार्य कर रहे हैं, जिनमें पैरा-मिलिट्री फोर्स, इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आई.टी.बी.पी.), सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) जैसी तमाम कंपनियों के माध्यम से देश और देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं।

विशेऐ रूप से माधौगढ़ तहसील के कई युवा सेना में भर्ती होने जाते हैं, कुछ गांवों की स्थिति है कि पूरे गांव के हर घर से कम से कम एक व्यक्ति सेना में है। इसके अतिरिक्त माधौगढ़ में बहुत-सी सरकारी भूमि अनुपयुक्त पड़ी है। यदि मेरे संसदीय क्षेत्र के माधौगढ़ में पैरा-मिलिट्री फॉर्स का एक ट्रेनिंग सेंटर खुल जाए तो निश्चित ही युवाओं को देश की सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि माधौगढ़ तहसील के अंतर्गत एक पैरा-मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर खुलवाने का कऐट करें।